RAF SECTOR
NEWS CLIP
08/04/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan , Meerut (U.P)

दंगा नियंत्रण में पारंगत होकर दिल्ली लौटे पुलिस जवान

मेरठ। रैपिड एक्शन फोर्स के लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में चल रहा दिल्ली आर्म्ड फोर्स का 14 दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। 22 मार्च से 6 अप्रैल तक चले प्रशिक्षण में दिल्ली पुलिस के जवानों को भीड़ नियंत्रण, मनोविज्ञान, पुलिस-पब्लिक व्यवहार, सांप्रदायिक प्रभाव आदि का अभ्यास भी कराया। इस कोर्स में दिल्ली पुलिस के सिपाही मृगंका गोगोई प्रथम, सीताराम दोदावारिया द्वितीय व विवेक तृतीय रहे। रैपो डीआईजी अखिलेश कुमार सिंह ने इन्हें मेडल व प्रमाण पत्र दिए। उप कमांडेंट हरीश चंद्र सिंह नेगी, सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह, गोविद सिंह नेगी आदि रहे।

Dainik Jagran, Meerut (U.P)

दिल्ली पुलिस के जवानों का प्रशिक्षण पूरा, मृगांका अव्वल

जागरण संवाददाता, मेरठ: रेपो में चल रहा दिल्ली पुलिस के जवानों का प्रशिक्षण मंगलवार को पूरा हो गया। इस दौरान उन्होंने दंगा नियंत्रण से लेकर पुलिस पब्लिक व्यवहार के बारे में सीखा। प्रशिक्षण में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले जवानों को मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया। एक पखवाड़े से परतापुर के पूठा स्थित लोक व्यवस्था अकादमी (रेपो) में दिल्ली पुलिस के 75 जवानों का दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण चल रहा था। जवानों को सभी तकनीकी पहलुओं के साथ आधुनिक हथियारों के इस्तेमाल, भीड़ नियंत्रण के साथ ही मनोविज्ञान व दंगे के दौरान सबसे महत्वपूर्ण पुलिस पब्लिक व्यवहार का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सांप्रदायिक प्रभाव, विभिन्न दंगों की केस स्टडी, फायर फाइटिंग, हथियार हैंडलिंग, नए उपकरणों की भी जानकारी दी गई। वज्र एवं वरुण वाहन से रूबरू कराते हुए दंगा विरोध ड्रिल कराई गई। पुलिस उप महानिरीक्षक रेपो अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में मृगांका गोगोई प्रथम, सीताराम दोदावारिया द्वितीय और विवेक तृतीय स्थान पर रहे। इनको मेडल, प्रशस्ति पत्र दिया गया। अन्य को प्रशस्ति पत्र दिया। उपकमांडेंट हरीश चंद्र सिंह नेगी, सहायक कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह, गोविंद सिंह नेगी व अजीत कुमार रहे।

जवान को प्रशस्ति पत्र देते अधिकारी

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।